झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांकः– रा0खा0आ0 – 303

प्रेषक,

**शबनम परवीन**
सदस्य,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 04.05.2023

विषयः– **गिरिडीह जिला में FCI से JSFC गोदाम तक अनाज के परिवहन के दौरान अनाज के विचलन के आरोप के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि श्री राजेश कुमार पाठक, गाण्डेय, गिरिडीह के द्वारा गिरिडीह जिला के JSFC के परिवहन अभिकर्त्ता द्वारा FCI से JSFC गोदाम में गोदाम के ढुलाई में काफी संख्या में अनाज से भरे ट्रक के कालाबाजारी का परिवाद–पत्र प्राप्त हुआ था। परिवाद–पत्र को गिरिडीह DSO सह DM, JSFC को जाँच कर सुस्पष्ट प्रतिवेदन तीन दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु आयोग के पत्रांक–268 दिनांक–20.04.2023 से निदेशित किया गया।

DSO सह DM, JSFC गिरिडीह के पत्रांक–256 दिनांक–25.04.2023 द्वारा आयोग को दिनांक–02.05.2023 को ईमेल से प्रतिवेदन प्राप्त हुआ। प्रतिवेदन में उल्लेखित है कि गाण्डेय प्रखण्ड के गोदाम की क्षमता मात्र 250 MT है, जिसके कारण खाद्यान्न उठाव एवं अनलोडिंग की अधिकता होने के कारण परिवहन अभिकर्त्ता द्वारा गत माह स्वेच्छा से गाण्डेय का 15 ट्रक खाद्यान्न धनवार गोदाम में खाली करा दिया गया था एवं इसकी जानकारी AGM एवं परिवहन अभिकर्त्ता द्वारा DSO को नहीं दी गई। ज्ञातव्य हो कि जिला प्रबंधक गिरिडीह के पत्रांक–224 दिनांक–11.04.2023 द्वारा गाण्डेय एवं बिरनी में खाद्यान्न ट्रकों के नहीं पहुँचने की सूचना प्रबंध निदेशक को दिया गया था। **पत्र के साथ संलग्न कागजातों के अनुसार गाण्डेय गोदाम में जून, 2021 से नवंबर, 2022 तक 25 ट्रक खाद्यान्न एवं FCI के दिनांक–15.03.2023 को बिरनी गोदाम के लिए Dispatch 4 ट्रक गोदाम में नहीं पहुँचने का उल्लेख है।** DSO सह DM, JSFC द्वारा गाण्डेय प्रखण्ड के 25 ट्रक अनाज नहीं पहुँचने का एवं बिरनी प्रखण्ड के 4 ट्रक अनाज नहीं पहुँचने का उल्लेख MD, JSFC को संबोधित पत्र में किया गया था, जबकि आयोग को प्रेषित उक्त पत्र में गाण्डेय अंचल के मात्र 15 ट्रक अनाज का उल्लेख किया गया। ऐसे में तत्काल MD एवं DM स्तर से परिवहन अभिकर्त्ता के विरूद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए थी। तत्काल कार्रवाई नहीं कर परिवहन अभिकर्त्ता से साँठ–गाँठ कर मामले की लिपापोती कराने का प्रयास प्रतीत होता है। पत्रों की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है।

जहाँ तक आयोग को जानकारी है प्रत्येक माह के लिए आवश्यक मात्रा में चावल का Dispatch FCI से निर्दिष्ट गोदाम के लिए कराया जाता है। साथ ही विभाग द्वारा JSFC गोदाम पर online प्राप्ति करने की व्यवस्था कराई गई है। ऐसे में किसी निर्दिष्ट गोदाम के लिए Dispatch किए गए गोदाम का receiving दूसरे गोदाम पर नहीं हो सकता है। साथ ही यदि गाण्डेय प्रखण्ड


पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261
Website:-www.jharkhandsfc.in

गोदाम के लिए Dispatch किए गए चावल को दूसरे गोदाम में ले जाया गया, तो उस प्रखण्ड के लिए आवश्यक खाद्यान्न की कमी होना स्वाभाविक है और ऐसे में प्रखण्ड के लाभुकों को उनके अहर्त्ता के अनुरूप अनाज का मिलना संदेहास्पद है। इसलिए यह संभव नहीं है कि खाद्यान्न का receiving निर्दिष्ट गोदाम में नहीं होकर किसी दूसरे गोदाम में हो। संभावना है कि कालाबाजारी के आरोप के प्रकाश में आने पर वैसे ट्रकों का manual receiving किसी दूसरे प्रखण्ड के AGM से साँठ–गाँठ कर कराया गया हो। DM JSFC गिरिडीह के दोनों पत्रों के समीक्षा से इस प्रकार के विचलन में पदाधिकारियों के संलिप्ता से इंकार नहीं किया जा सकता।

उल्लेखनीय है कि गिरिडीह जिला से सम्बन्धित अनाज नहीं मिलने के सामुहिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिस पर आयोग स्तर से कार्रवाई की जा रही है। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि FCI से JSFC गोदाम तक ढुलाई के क्रम में हो रहे तथाकथित विचलन ही इन समस्याओं का मूल कारण है। अतः अपेक्षा है कि इस मामले का गम्भीरता से निष्पक्ष रूप से जाँच कर कठोर कार्रवाई किया जाए ताकि लाभुकों को उनके अहर्त्ता के अनुरूप खाद्यान्न मिल सके।

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

Sperm
4.5.23
(शबनम परवीन)
सदस्य,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Member Secretary new\letters.docx128

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261
Website:-www.jharkhandsfc.in

# झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्त्ति निगम लिमिटेड

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
जिला कार्यालय–गिरिडीह।

पत्रांक 256 दिनांक 25/04/2023

प्रेषक,

जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी,
–सह–जिला प्रबंधक,
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
गिरिडीह।

सेवा में,

सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग
राँची।

विषय :– **जन वितरण प्रणाली विक्रेता के ट्रकों का भारतीय खाद्य निगम से राज्य खाद्य निगम तक नहीं पहूँचने के आरोप पर प्रतिक्रिया।**

प्रसंग :– भवदीय पत्रांक 268 दिनांक 20.04.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा श्री राजेश कुमार पाठक, गाण्डेय गिरिडीह के द्वारा पिछले दो वर्षों में गाण्डेय के लिए निकले कम से कम 100 ट्रक नहीं पहूँचने संबंधी आरोप पर प्रतिक्रिया की मांग भवदीय द्वारा की गई है। उक्त संबंध में अनुरोध पूर्वक कहना है कि श्री राजेश कुमार पाठक का 100 ट्रक नहीं पहूँचने संबंधी आरोप पूर्णतः असत्य है। गाण्डेय गोदाम की क्षमता मात्र 250 एम0टी0 है जिस कारण विगत माह में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के खाद्यान्न उठाव एवं अनलॉडिंग की अधिकता रहने के कारण परिवहन अभिकर्त्ता के द्वारा 15 (पन्द्रह) ट्रक खाद्यान्न की गाड़ी गाण्डेय में खाली नहीं करवाकर खाद्यान्न व्ययगत ना हो इस लिए स्वेच्छा से प्रखंड गोदाम धनवार (क्षमता 1000 एम0टी0) में खाली करवा दिया गया था परन्तु इसकी जानकारी अद्योहस्ताक्षरी को समय पर ना हीं सहायक गोदाम प्रबंधक धनवार के द्वारा दी गई ना हीं परिवहन अभिकर्त्ता के द्वारा दिया गया। इस संबंध में परिवहन अभिकर्त्ता एवं सहायक गोदाम प्रबंधक, धनवार को कारण पृच्छा भी अद्योहस्ताक्षरी के संज्ञान में आतें हीं की गई है एवं प्रबंधक निदेशक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, मुख्यालय राँची को भी पत्र द्वारा सूचित किया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

25/4/2023

जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी,
–सह–जिला प्रबंधक,
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
गिरिडीह।
25/04/2023

# झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
जिला कार्यालय–गिरिडीह।

पत्रांक 224

प्रेषक,

जिला प्रबंधक,
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
गिरिडीह।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
मुख्यालय, राँची।

गिरिडीह, दिनांक 11/04/2023

विषय :– **श्री सुबीर कुमार परदेशी, परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता द्वारा कारण पृच्छा का जवाब नहीं देने के संबंध में।**

प्रसंग :– **कार्यालय ज्ञापांक 194 दिनांक 26.03.2023 एवं ज्ञापांक 204 दिनांक 29.03.2023**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि **प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक, बिरनी एवं गाण्डेय** के द्वारा खाद्यान्न से भरा ट्रक नहीं पहूँचने से संबंधित सूचना दिया गया था जिसके आलोक में श्री परदेशी को प्रासंगिक पत्र से स्पष्टीकरण भी किया गया था परन्तु श्री परदेशी के द्वारा आज तक स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित नहीं किया गया है।

अतः अनुरोध है कि उक्त के संबंध में भवदीय स्तर से यथोचित कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनु0 :– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

10/4/2023

जिला प्रबंधक,
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
गिरिडीह।
10/04/23

# झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्त्ति निगम लिमिटेड

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
जिला कार्यालय–गिरिडीह।

ज्ञापांक 204 दिनांक 29/03/2023

प्रेषित,

श्री सुधीर कुमार परदेशी,
परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता,
जे0एस0एफ0सी0, गिरिडीह।

विषय :– **भारतीय खाद्य निगम डीपो से राज्य खाद्य निगम गोदाम, गाण्डेय में उठाव परिवहन किए खाद्यान्न से भरा ट्रक नहीं पहूँचने संबंधी स्पष्टीकरण।**

उपर्युक्त विषयक प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक, गाण्डेय के पत्रांक शून्य दिनांक 29.03.2023 की छाया प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि भारतीय खाद्य निगम डीपो से खाद्यान्न से भरा ट्रक (कुल 25 ट्रक) राज्य खाद्य निगम गोदाम, गाण्डेय में आज दिनांक 29.03.2023 तक नहीं पहूँचा है, जिसका विवरणी उनके पत्र में सन्नहित है।

उललेखनीय है कि खाद्यान्न नहीं पहूँचने के कारण उनके द्वारा ऑनलाईन प्राप्ति में असमर्थता जताई जा रही है साथ ही उक्त के कारण खाद्यान्न Dispatch एवं वितरण भी प्रभावित होने का वर्णन किया गया है, जो अत्यन्त हीं खेदजनक है।

उक्त के संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करें कि किस परिस्थिति में खाद्यान्न की गाड़ी अब तक निगम गोदाम गाण्डेय में नहीं पहूँचा है?

अतः क्यों नहीं इस कृत्य के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् कार्रवाई हेतु निगम मुख्यालय को अनुशंसा कर दी जाय।

अनु0 :– यथोक्त।

29/3/2023
जिला प्रबंधक
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
गिरिडीह।

ज्ञापांक 204 गिरिडीह दिनांक 29/3/2023 29/3/23

प्रतिलिपि :– जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी, गिरिडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/3/2023
जिला प्रबंधक
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
गिरिडीह।

29/3/23

सेवा में

जिला प्रबंधक,
JSFC गिरिडीह।

विषय:– स्पष्टीकरण समर्पित करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भारतीय खाद्य निगम डीपो से उठाव किये गये खाद्यान्न का ट्रक का आधार पोर्टल पर AGM लॉगिन से ऑनलाईन Accept करने का निदेश प्राप्त है। इस संबंध में कहना है कि 2021–22 एवं 2022–23 में जो ट्रक जो वास्तव में JSFC गोदाम, गाण्डेय पहुँची है उसे ऑनलाईन Receive/Accept कर लिया गया है एवं जो ट्रक JSFC गोदाम, गाण्डेय नहीं पहुँची है उसे Accept नहीं किया जा सका। इसके लिए [illegible] को दिनांक [illegible] एवं 24.01.2022 को पत्र के माध्यम से सूचित भी किया गया है। गाड़ी नहीं पहुँचने से चावल 1837.43.931, गेहूँ 1714.96.490 कुल 3552.40.421 क्विंटल खाद्यान्न अप्राप्त है जिससे प्रत्येक माह राशन वितरण करने में काफी कठिनाई होती है। जो ट्रक JSFC गोदाम, गाण्डेय नहीं पहुँची उसका विवरण निम्न है–

PENDING VECHILE 2021

| S.NO | RO NO | GATE PASS NO | VECHILE NO | QUANTITY( K.g) | MONTH | REASON |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | PHH/R/214 | 4277 | JH01M-0891 | 19164.300 | Jun-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 2 | GREEN/693801 | 382 | BR21G-8197 | 20535.000 | Aug-21 | [illegible] |
| 3 | PMGKAY/PHH/R/175 | 36 | JH02T-6822 | 24350.000 | Aug-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 4 | PMGKAY/PHH/R/175 | 382 | BR21G-8197 | 4075.000 | Aug-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 5 | PMGKAY/PHH/W/84 | 4857 | JH12D-0472 | 25357.300 | Aug-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 6 | PHH/R/260 | 5076 | JH02T-9971 | 24310.000 | Oct-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 7 | PHH/W/186 | 1749 | BR01GG-9680 | 1713.140 | Oct-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 8 | PHH/W/186 | 1747 | JH10BP-9561 | 17876.635 | Oct-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 9 | PMGKAY/PHH/W/103 | 1564 | BR21G-8197 | 24945.000 | Oct-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 10 | PMGKAY/PHH/W/103 | 1562 | BR01GG-9680 | 30234.000 | Oct-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 11 | PMGKAY/PHH/W/103 | 1563 | JH02T-6822 | 25030.000 | Oct-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 12 | PMGKAY/PHH/W/114 | 2070 | JH10BP 9561 | 2303.900 | Nov-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 13 | PMGKAY/AAY/W/83 | 424 | JH10BP-9561 | 29972.000 | Nov-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 14 | PMGKAY/PHH/R/226 | 2572 | JH02T-6822 | 24980.000 | Dec-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |
| 15 | PMGKAY/PHH/R/226 | 2571 | NL02K-5493 | 25000.000 | Dec-21 | गाड़ी नहीं पहुँची है |

## PENDING VECHILE 2022

| L. NO | RO NO | GATE PASS NO | VECHILE NO | QUANTITY( K.g) | MONTH | REASON |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | PHH/W/226 | 3489 | JH11H-9011 | 25155.000 | Feb-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 2 | PMGKAY/PHH/R/253 | 3810 | BR21G-8197 | 1212.830 | Feb-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 3 | PMGKAY/PHH/R/256 | 422 | BR01GG-9680 | 9129.800 | Mar-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 4 | PMGKAY/AAY/R/134 | 4225 | BR01GG-9680 | 2327.951 | Mar-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 5 | PMGKAY/PHH/R/292 | 4973 | NL01K-4661 | 2275.000 | May-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 6 | AAY/W/28 | 6896 | BR21F-9211 | 168.000 | Jul-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 7 | PMGKAY/PHH/R/337 | 5975 | NL02L-0619 | 20088.000 | Jul-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 8 | PMGKAY/PHH/R/337 | 6008 | JH10Y-1936 | 5392.400 | Jul 22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 9 | PHH/W/49 | 34334 | BR27A-2981 | 18713.765 | Aug-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |
| 10 | PHH/R/115 | 7195 | JH11F-6557 | 20068.000 | Nov-22 | गाड़ी नहीं पहुंची है। |

अतः श्रीमान से सादर अनुरोध है कि अप्राप्त खाद्यान्न को भेजने की कृपा की जाय ताकि वितरण की समस्या में समाधान हो सके साथ ही इस पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए स्पष्टीकरण से मुक्त रखा जाय।

Srijeet Kumar (JSCC operator)
29/03/23

विश्वासभाजन

29.03.23

सहायक गोदाम प्रबंधक,
गाण्डेय।

ज्ञापांक...................../ दिनांक........................।

प्रतिलिपिः— प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, गाण्डेय को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः— प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गाण्डेय को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः— जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गिरिडीह को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

29.03.23

सहायक गोदाम प्रबंधक,
गाण्डेय।

# झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
जिला कार्यालय-गिरिडीह।

ज्ञापांक 194/..........　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 26/03/23

प्रेषित,

श्री सुधीर कुमार परदेशी,
परिवहन-सह-हथालन अभिकर्त्ता,
जे०एस०एफ०सी०, गिरिडीह।

विषय :— स्पष्टीकरण के संबंध में।

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सहायक गोदाम प्रबंधक, बिरनी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि भारतीय खाद्य निगम डीपो से खाद्यान्न से भरा ट्रक राज्य खाद्य निगम गोदाम आज दिनांक 26.03.2023 तक नहीं पहूँचा है, जो निम्नवत है :—

| Sr. No. | Dispatch date | Truck No. | FCI Depo Name | Name of Dispatched JSFC Godown | Dispatch Quantity (In Qtl) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | |
| 1 | 15.03.23 | JH02T-6348 | PEG DEPO SURIYA-2 | BIRNI | 248.10000 |
| 2 | 15.03.23 | JH02T-4605 | | | 248.20000 |
| 3 | 15.03.23 | BR26F-4989 | | | 295.41000 |
| 4 | 15.03.23 | JH02U-6131 | | | 249.30000 |
| | | | | **Total :-** | **1041.01000** |

उक्त के संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि किस परिस्थिति में खाद्यान्न की गाड़ी अब तक नहीं पहूँचा है? साथ ही उपरोक्त खाद्यन्न से भरा ट्रक निगम गोदाम पहूँचाना सुनिश्चित करें अन्यथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् कार्रवाई हेतु अनुशंसा कर दी जायेगी।

जिला प्रबंधक,
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,
गिरिडीह।
26/03/23

सेवा में,

जिला प्रबंधक महोदय
JSFC - गिरिडीह

विषय - खाद्यान्न प्राप्ति के संबंध में।

महाशय,
निवेदन पूर्वक कहना है कि PEG सरिया से प्रखंड बिरनी को भेजा गया खाद्यान्न निम्न विवरणी अनुरूप अद्यतन प्राप्त नहीं हुआ है।

| Lifting Date | G Pass | Truck No. | Quantity - RO. | |
|---|---|---|---|---|
| 15/3/23 | 8443 | JH02T.6348 | 248.10.0 | PH Rice |
| | 8447 | JH02T-4605 | 248.20 | PH Rice |
| | 8110 | BR26F 4989 | 295.41 | AAY Wheat |
| | 8349 | JH0206131- | 249.30 | AAY Rice |

अतः श्रीमान से अनुरोध है कि उपरोक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने की कृपा करें ताकि जन वि. प्र. दुकानों को खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जा सके।

प्रतिलिपि - प्रखंड आपूर्ति पदा० बिरनी को सूचनार्थ प्रेषित।
- प्र. वि. प० पदा० बिरनी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन
देवचन्द्र कुमार
जनसेवक सह प्र० Agm
बिरनी
दिनांक 22/03/23